कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा–माध्य/मा–स/22422/पल्स पोलियो/2004–19/599 दिनांकः 17.09.2020

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी,
(मुख्यालय) माध्यमिक शिक्षा

विषय :– उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण दिवस दिनांक : 20 सितम्बर, 2020 को आयोजित होने पर सहयोग करने बाबत।

प्रसंग :– निदेशक(आरसीएच), निदेशालय, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सेवायें, जयपुर का पत्र क्रमांक : इम्यू/NID F(158)/2020–21/1703 दिनांक : 14.09.2020

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र के क्रम में लेख है कि विश्व स्वास्थ्य संघठन के द्वारा भारत को पोलियो मुक्त घोषित किया जा चुका है। यद्यपि भारत देश को पोलियो मुक्त हो चुका है परन्तु पड़ोसी देश पाकिस्तान एवं अफगानिस्तान में इस वर्ष भी पोलियो के रोगी पाए जा रहे हैं, जिसके कारण भारत में पोलियो के पुनः संक्रमण फैलने की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है। भारत देश को पोलियो मुक्त बनाये रखने हेतु भारत सरकार द्वारा दिनांक : 20 सितम्बर, 2020 को उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण दिवस आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया है। यह गतिविधि पूर्व के भांति ही आयोजित की जाएगी तथा 0 से 5 वर्ष तक के समस्त बच्चों को बिवालेन्ट ओरल पोलियो वैक्सीन(बी.ओ.पी.वी.) की 2 बूंद पिलाई जायेगी। प्रथम दिन बूथ पर समस्त लक्षित बच्चों को तथा अगले 2 दिनों में घर–घर टीमों द्वारा भ्रमण कर किसी भी कारणवश छूटे हुए बच्चों को ओ.पी.वी. पिलाकर लाभान्वित किया जायेगा।

1. कोविड–19 के लिए घर–घर सर्वे के लिए जाने वाली टीमों के द्वारा पोलिया अभियान का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जावें।
2. ऐसे विद्यालय जो बूथ के रूप में चिंहित है, उन सभी विद्यालयों को 20 सितम्बर, 2020 (रविवार) को भी खुला रखा जाये साथ ही टीम के सदस्यों को बैठने एवं आईईसी सामग्री डिस्पले किए जाने हेतु पर्याप्त स्थान उपलब्ध करवाया जावे। यदि आवश्यकता हो तो विद्यालय के अन्य कमरे भी खुलवाएं जाएं जिससे बच्चे उन कमरों में बैठ सकें।
3. कोविड–19 को मध्यनजर रखते हुए सभी आवश्यक प्रोटोकॉल को फॉलो किया जावें एवं बच्चों के अभिभावकों को समझाइस कर लक्षित बच्चों को दवा पिलवाई जावें।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि माह सितम्बर, 2020 में आयोजित होने वाले उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान में गत चरणों की भांति निम्नानुसार सहयोग प्रदान करने का श्रम करें जिससे भारत देश को निरन्तर पोलियो मुक्त बनाये रखा जा सके।

www.rajteachers.com

(सौरभ स्वामी)
आइ.ए.एस.
निदेशक,माध्यमिक शिक्षा

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, मुख्यालय, मा0शि0, चित्तौडगढ

क्रमांक :–जिशिचि/माशि/सामा./पल्स पोलियो/2020/ 119 दिनांक 17.9.2020

समस्त संस्थाप्रधान
मावि/उमावि(राजकीय/निजी)
जिला चित्तौड़गढ़

उप राष्ट्रीय पल्स पोलियों टीकाकरण दिवस दिनांक 20 सितंबर, 2020 को आयोजित होने पर निदेशालय के उक्त पत्र में प्रदत्त दिशानिर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करावे।

जिला शिक्षा अधिकारी
मुख्या.(मा0शि0)चित्तौडगढ